डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांकः CoE/66/2024 दिनांकः 08/02/2024

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्यो,
सम्बद्ध महाविद्यालय (राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम)
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि कतिपय महाविद्यालयों द्वारा आन्तरिक परीक्षा के अंक अंकित कर दिये गये है परन्तु Authenticate/Final Submission नहीं किया गया है जिसके फलस्वरूप ऐसे महाविद्यालयों के विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षा के अन्तिम सेमेस्टर / वर्ष के परिणाम घोषित करने में अत्यधिक कठिनाई आ रही है जबकि दीक्षान्त समारोह की आयोजन तिथि निकट है जिसमें प्रश्नगत परीक्षार्थियों को भी सम्मिलित किया जाना है।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि दिनांक 10.02.2024 तक ऐसे सभी महाविद्यालय अपने आन्तरिक परीक्षा के अंक Authenticate/Final Submission करने का कष्ट करें, अन्यथा की स्थिति में प्रश्नगत महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को दीक्षान्त में सम्मिलित किया जाना सम्भव नहीं होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रो0 मनु प्रताप सिंह, नोडल अधिकारी।
2. उपकुलसचिव, परीक्षा / गोपनीय।
3. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
4. अधीक्षक, कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
5. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. अधिकृत एजेन्सी 2023 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों की कालेज लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
7. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक

Typed at //01-01-2024